माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – examcontroller@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 1852 / गोपनीय / एम0एस0यू0 / 2024–25 दिनांकः 03/04/2024

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध बी0एड0 महाविद्यालय / संस्थान।

विषय :– बी0एड0 पाठ्यक्रम के प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा कराने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र 411 / परीक्षा / एम0एस0यू0 / 2023–24, दिनांक : 06.03.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा बी0एड0 द्वितीय वर्ष सत्र 2023–24 के परीक्षा फॉर्म भरने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा ऑनलाइन पोर्टल खोला गया था। साथ ही प्रयोगात्मक परीक्षा कराये जाने के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय के पत्र 1777 / गोपनीय / एम0एस0यू0 / 2023–24, दिनांक : 19.03.2024 द्वारा बी0एड0 द्वितीय वर्ष सत्र 2023–24 के प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा दिनांक : 04.04.2024 से प्रारम्भ कराने के लिए विज्ञप्ति जारी की गई थी। कतिपय विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा फॉर्म अभी भरे नहीं गये हैं। विश्वविद्यालय द्वारा बी0एड0 द्वितीय वर्ष सत्र 2023–24 के परीक्षा फॉर्म भरने के लिए तिथि विस्तारित की गई। सूच्य है कि बी0एड0 द्वितीय वर्ष सत्र 2023–24 के प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा दिनांक : 04.04.2024 से प्रारम्भ हो रही है।

अतः माननीय कुलपति जी के आदेश के अनुपालन में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सम्बन्धित महाविद्यालय अपने स्तर से विद्यार्थियों को सूचित करते हुए परीक्षा फॉर्म अविलम्ब भरवाना सुनिश्चित करें। अन्यथा की दशा में यदि किसी विद्यार्थी का परीक्षा फॉर्म न भरने के कारण प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा छूट जाती है तो उसके लिए सम्बन्धित प्राचार्य / प्राचार्या / विद्यार्थी उत्तरदायित्व होगें।

भवदीय,

परीक्षा नियन्त्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ–

1. सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. प्राचार्य / प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध बी0एड0 महाविद्यालय।
3. गार्ड फाईल।

परीक्षा नियन्त्रक